# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE :- 10 September, 2025

# MCU NEWS

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

epaper.dopaharmetro.com
09 Sep 2025 - Page 2

## एमसीयू के सांध्यकालीन पाठ्यक्रमों में अब 15 सितम्बर तक प्रवेश

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश के लिए अंतिम तिथि में वृद्धि की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के एम.पी. नगर स्थित परिसर में कंप्यूटर, मीडिया और योग विषयों के सांध्यकालीन पी.जी. डिप्लोमा में प्रवेश अब 15 सितम्बर तक होंगे। विद्यार्थियों के सुविधा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश के लिए अंतिम तिथि में वृद्धि की है। किसी भी विषय में स्नातकोत्तर (पीजी) कर रहे विद्यार्थी अंशकालीन-सांध्यकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वर्ष 2025-26 अकादमिक सत्र के लिए अभी प्रवेश जारी है। विश्वविद्यालय द्वारा योगिक स्वास्थ्य प्रबंधन (योग), सोशल मीडिया मैनेजमेंट, फिल्म जर्नलिज्म, मोबाइल जर्नलिज्म, ग्रामीण पत्रकारिता, वीडियो प्रोडक्शन, इवेंट मैनेजमेंट, ड्रामा एंड एक्टिंग एवं सायबर सिक्योरिटी में पी.जी. डिप्लोमा कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विजिट करें या मोबाईल नंबर 7974265226, 9827555014 पर सम्पर्क कर सकते है। विद्यार्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY

एक नजर में

# एमसीयू के सांध्यकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश 15 तक

भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) के एमपी नगर परिसर में कंप्यूटर, मीडिया व योग विषयों के सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा में प्रवेश अब 15 सितंबर तक होंगे। विवि प्रशासन ने प्रवेश के लिए तिथि में वृद्धि की है। -नप्र

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
NAVADUNIA 10-09-2025

स्वदेश

भोपाल - संस्करण

10 Sept 2025

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY

# मीडिया में कुछ अलग करने की तैयारी के साथ आएं छात्र : तिवारी

**स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने अपनी पहली क्लास में कहा कि किसी भी विधा में 'बाय चाँस' आने और 'बाय च्वाइस' आने में जमीन आसमान का फर्क है। मीडिया में 'बाय चाँस' आएंगे तो कॅरिअर तो चल जाएगा लेकिन कुछ ठोस काम नहीं हो पाएगा। अगर 'बाय च्वाइस' आए हैं तो पहले दिन से ही न्यूजरूम में आपका काम सबसे अलग होगा।




इसलिए सबसे पहले यह सोचें कि इस दिशा में कदम क्या सोचकर बढ़ाए हैं।

चार विभागों के पीजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के बीच उन्होंने कहा कि आपके बिना किसी अखबार या न्यूज चैनल के काम रुके हुए नहीं हैं। सारी बुलेटिन खबरों से लबालब हैं और अखबार भी खाली नहीं छप रहे, जिन्हें आपका इंतजार हो। मीडिया का संसार सकुशल चल रहा है। ऐसे में हरेक विद्यार्थी को यह सोचने की जरूरत है कि वह क्या करने आया है। कुछ अलग करने की तैयारी जरूरी है। अगर लिखने की आदत नहीं है तो सावधान हो जाना चाहिए। लिखने के लिए कुछ पढ़ने की आदत नहीं है तो अभी से दोहरी सावधानी जरूरी है।

# कुलगुरु की मास्टर क्लास, छात्रों से किया संवाद

जूनियर रिपोर्टर

भोपाल, 9 सितंबर . माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की विशेष मास्टर क्लास का आयोजन किया. इस अवसर पर कुलगुरु ने छात्रों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जीवन और करियर के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया.




उन्होंने कहा कि हर छात्र को सबसे पहले अपने लक्ष्य को पहचानना चाहिए और यह समझना चाहिए कि वह दूसरों से किस प्रकार अलग है. मीडिया जैसे प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में अपनी आवश्यकता और उपयोगिता को साबित करना ही सफलता की कुंजी है. उन्होंने कहा कि इतिहास से जुड़ना बेहद ज़रूरी है क्योंकि इतिहास से सीखकर ही कुछ नया और सार्थक रचा जा सकता है. पत्रकारिता में प्रवेश करने वाले युवाओं को हमेशा गहन अध्ययन और तैयारी के साथ मैदान में उतरना चाहिए. विशेषकर किसी भी व्यक्ति का इंटरव्यू करने से पहले उसका समुचित होमवर्क करना अनिवार्य है. यह न केवल पेशेवर दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि यह पत्रकार की विश्वसनीयता को भी बढ़ाता है. कुलगुरु की यह मास्टर क्लास छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई.

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
NAVABHARAT 10-09-2025

# रोज लिखें और देश की ऐतिहासिक धरोहर का अध्ययन करें : कुलगुरु

**• कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने क्लास ली विद्यार्थियों की क्लास**

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः किसी भी राष्ट्र की गहराई से समझ के लिए उसके इतिहास का ज्ञान आवश्यक है। इस दिशा में, कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें प्रतिदिन किताबें पढ़ने और लेखन की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि "बाय चांस" आने से करिअर तो चल सकता है, लेकिन ठोस काम नहीं हो पाएगा। वहीं, "बाय च्वाइस" आने पर न्यूजरूम में विद्यार्थियों का काम अलग होगा।

कुलगुरु ने विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली अतीत का अध्ययन करने और उससे सीख लेकर अपने जीवन को सार्थक दिशा देने का आग्रह किया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए प्रतिदिन लेखन की आदत विकसित करने की सलाह दी। उनका मानना है कि लेखन केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों को व्यवस्थित करने और आत्म-विकास का सशक्त साधन है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों ने कुलगुरु के मार्गदर्शन को प्रेरणादायक बताया और संकल्प लिया कि वे न केवल अपने शैक्षणिक अध्ययन में उत्कृष्टता लाएंगे, बल्कि इतिहास और लेखन को भी अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे।




एमसीयू में कुलगुरु विद्यार्थियों की क्लास लेते हुए। • सौजन्य : आयोजक

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
NAVADUNIA 10-09-2025